Alberta

स्टेटमेंट

अलबर्टा की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली तक पहुंच: जॉइंट स्टेटमेंट

25 जुलाई, 2023 मीडिया पूछताछ

मेडिकल क्लीनिकों द्वारा सदस्यता शुल्क लेने से संबंधित रिपोर्टों के बारे में प्रीमियर डेनियल स्मिथ तथा मिनिस्टर ऑफ हैल्थ एड्रियाना लाग्रान्जे ने निम्नलिखित स्टेटमेंट जारी किया है:

"हम यह अपेक्षा करते हैं कि अलबर्टा में चिकित्सक *कनाडा स्वास्थ्य अधिनियम* और *अलबर्टा स्वास्थ्य देखभाल बीमा अधिनियम* (एएचसीआईए) सहित कानून का पालन करें। अलबर्टा सरकार *कनाडा स्वास्थ्य अधिनियम* के सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करती है कि क्लीनिक और चिकित्सक एएचसीआईए के अनुपालन में रहें।

"हम इस तथ्य से अवगत हैं कि अलबर्टा में ऐसे चिकित्सक और क्लीनिक हैं जो प्रांतीय स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना (प्रोविंशियल हैल्थ केयर इंश्योरेंस प्लान) द्वारा कवर नहीं की गई सेवाएं प्रदान करने के लिए कानून के मापदंडों के भीतर दशकों से काम कर रहे हैं। संभवत: इन सेवाओं में गैर-चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सर्जरी, पोषण और एक्यूपंक्चर सेवाएं, चिकित्सा नोट्स और प्रजनन उपचार शामिल हो सकते हैं। अलबर्टा हैल्थ की ऑडिट एण्ड कंप्लांयस एश्योरेंस यूनिट ने ऐसे उदाहरणों का मूल्यांकन किया है जहां निजी क्लीनिक अल्बर्टा में सदस्यता शुल्क लेते हुए इस तरह से काम करते हैं। ऐतिहासिक रूप से, सभी मूल्यांकनों में यह पुष्टि हुई है कि ये क्लिनिक अधिनियम के अनुसार काम कर रहे हैं। अलबर्टा हैल्थ द्वारा हैल्थ कनाडा को एक वार्षिक रिपोर्ट भी जमा की जाती है और आज तक उसमें इन क्लिनिक के संचालन से संबंधित कोई समस्या नहीं पाई गई है।

"हमें हाल ही में यह जानकारी मिली है कि एक क्लिनिक द्वारा उन सेवाओं का विज्ञापन दिया जा रहा है जिन्हें प्रांतीय स्वास्थ्य देखभाल बीमा योजना (प्रोविंशियल हैल्थ केयर इंश्योरेंस प्लान) में कवर किया जाता है और इन विज्ञापनों में यह संकेत दिया जाता है कि ये सेवाएं शुल्क के भुगतान के बाद सदस्यता के लिए उपलब्ध होंगी। अलबर्टा सरकार बहुत अधिक चिंतित होगी यदि इस क्लिनिक द्वारा उन सेवाओं के लिए शुल्क लिया जाता है जिनका बीमा किया गया है तथा अन्य रोगियों को लंबे समय तक इंतजार करने की कीमत पर पारिवारिक चिकित्सक तक त्वरित पहुंच प्रदान की जा रही हो। हमने अलबर्टा हैल्थ को इस विशिष्ट क्लिनिक की जांच करने के निर्देश दिए हैं ताकि सभी कानूनों के अनुपालन को सुनिश्चित किया जा सके। यदि संबंधित कानून का उल्लंघन किए जाने की जानकारी मिलती है, तो हम उचित कार्रवाई करेंगे।

"अलबर्टा के निवासियों को बीमित स्वास्थ्य सेवाओं जैसे पारिवारिक चिकित्सक से मुलाकात करने या अस्पताल में जाने के लिए अपनी जेब से भुगतान नहीं करना पड़ता है- और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।"

मीडिया पूछताछ

सैम ब्लैकेट

587-589-6048
प्रेस सचिव, ऑफिस ऑफ दी प्रीमियर

स्कॉट जॉनस्टन

780-918-4284
प्रेस सचिव, स्वास्थ्य